राजस्व अपील संख्या 173/2016 सहीराम वगैराह बनाम राज्य

न्यायालय डिवीजनल कमिश्नर, जोधपुर
पीठासीन अधिकारी : बी.एल. कोठारी, आई.ए.एस

राजस्व प्रथम अपील संख्या 173/2016

| अपीलान्ट | बनाम | रेस्पोडेन्टस |
| --- | --- | --- |
| 1. सहीराम पुत्र स्व. श्री सुखराम<br>2. भीखाराम पुत्र श्री सहीराम जाति विश्नोई निवासी जम्बेश्वर नगर जाजीवाल विश्नोईयान हाल निवासी प्लाट सख्या 16 यूको बैंक के पास बनाड तहसील व जिला जोधपुर<br>3. पप्पाराम पुत्र स्व. श्री सुखराम जाति विश्नोई निवासी जम्बेश्वर नगर,जाजीवाल विश्नोईयान तहसील व जिला जोधपुर | | राजस्थान राज्य द्वारा तहसीलदार जोधपुर |

अपील अन्तर्गत धारा 75 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम विरूद्व आदेश क्रमांक प 12(3--)/राज/आवं/1698--1704 दिनांक 27.03.2003 जो जिला कलेक्टर जोधपुर द्वारा पारित किया जिसके द्वारा ग्राम बनाड के भूमि खसरा नम्बर 51 की सम्वत् 2060 से 2063 की जमाबन्दी पर से खातेदारान का नाम विलोपित किया गया।

उपस्थिति:-

1. श्री लादूराम पूनिया, अधिवक्ता अपीलान्टस की ओर से उपस्थित।
2. श्री ओमप्रकाश चौधरी, राज0 अधिवक्ता रेस्पोडेंट की ओर से उपस्थित।

:: निर्णय ::

दिनांक:11 जुलाई, 2019

अपीलान्ट की ओर से प्रस्तुत अपील में अंकित तथ्य इस प्रकार से है कि अपीलान्ट के द्वारा न्यायालय हाजा के समक्ष यह प्रथम राजस्व अपील अन्तर्गत धारा 75 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 जो जिला कलेक्टर जोधपुर आदेश के द्वारा उनके पत्र क्रमांक प 12(3--)/राज/आवं/ 1698 --1704 दिनांक 27.03.2003 के द्वारा अपने जिले के समस्त

# राजस्व अपील संख्या 173/2016 सहीराम वगैराह बनाम राज्य

तहसीलदारान को मंदिर मूर्ति शाश्वत अवयस्क होने से मंदिर मूर्ति की खातेदारी भूमि का हस्तान्तरण अवैध, तत्सम्बन्धी हस्तान्तरणों की प्रविष्टियां विलोपित करने के बारे में जारी किया गया, के संदर्भ में ग्राम बनाड के भूमि खसरा नम्बर 51 की सम्वत् 2060 से 2063 की जमाबन्दी पर से खातेदारान का नाम विलोपित किया गया, के विरूद्ध पेश की गई है। अपील के संलग्न अपील प्रस्तुत किये जाने की अनुमति हेतु धारा 96 के तहत प्रार्थना पत्र तथा अपील प्रस्तुत करने में हुए विलम्ब को क्षमा करने हेतु म्याद अधिनियम के तहत प्रार्थना पत्र पेश किया है।

हमने उपस्थित दोनों पक्षों के योग्य अधिवक्ताओं के द्वारा की गई बहस को सुना गया दौरान सुनवाई अपीलान्ट के योग्य अधिवक्ता ने यह निवेदन किया कि ग्राम बनाड के भूमि ख. न. 51 रकबा 7 बीघा 10 बिस्वा को जमाबन्दी सम्वत 2060 से 2063 में डोली बनाम मंदिर श्री द्वारकाधीश जी वाके शहर जोधपुर के नाम दर्ज किया गया है जबकि उक्त भूमि में राज0 भूमि सुधार एवं जागीर अधिग्रहण अधिनियम 1952 के प्रभाव मे आने से बहुत पहले से ही समवत 2008 में खालसा करके गोपालदास वल्द माधोदास की गैर बापी दर्ज की गई और इसके बाद डोली बनाम मंदिर श्री द्वारकाधीश जी वाके शहर जोधपुर के कोई अधिकार नहीं रहें।

अपीलान्ट के योग्य अधिवक्ता ने यह निवेदन किया कि ग्राम बनाड की उक्त खसरा वाली भूमि सवंत 2008 में खालसा दर्ज रहीं तथा सवंत 2009 में गोपालदास पुत्र माधोदास को काश्त पर दर्ज गई इसके पश्चात सवंत 2011 में गोपालदास पुत्र सदासुख पुष्करणा को काश्त पर दे दिया गया तथा राज0 काश्तकारी अधिनियम के प्रभाव में आने के समय उक्त गोपालदास पुत्र सदासुख काश्तकार के रूप में काबिज होने से उसके नाम दर्ज रही जिसकी गिरदावरी संवत 2008 से 2013 गोपालदास की काश्त दर्ज की हुई है।

अपीलान्ट के योग्य अधिवक्ता ने यह भी निवेदन किया कि उक्त वादग्रस्त भूमि के खातेदार गोपालदास ने जरिये पंजीबद्ध विक्रय पत्र के दिनांक 07.05.1991 के उक्त खसरा नम्बर की भूमि को धन्नाराम पुत्र भंवरलाल दर्जी निवासी जाजीवाल धांधला मूलाराम पुत्र मोडाराम दर्जी शिवशक्तिनगर जोधपुर फुसाराम पुत्र मोडाराम दर्जी निवासी हेमसिंह का कटला जोधपुर कमला पत्नी मूलाराम दर्जी शिवशक्तिनगर जोधपुर मोडाराम पुत्र रतनाराम दर्ज हेमसिंह का कटला, जोधपुर नरेश पुत्र गंगाधर सोनी निवासी अशोकनगर जोधपुर तथा शिवदान सिंह

सत्यमेव जयते
ल कमिश्नर जोधपुर

## राजस्व अपील संख्या 173/2016 सहीराम वगैराह बनाम राज्य

इकारसिंह राजेन्द्रसिंह सुरेन्द्रसिंह पिसरान हरिसिंह दरियाकंवर बेवा हरिसिंह जाति राजपूत निवासी बनाड जोधपुर जयन्तीलाल पुत्र कुन्तीलाल ब्राहम्ण ब्रम्हपुरी जोधपुर देवीलाल पुत्र भंवरलाल दर्जी निवासी जाजीवाल धांधला पेमाराम पुत्र लिछमणराम जाति जाट निवासी बनाड आदि 11 लोगो को हस्तांतरण कर दी गई

खातेदारान ने भूमि को रूपांतरण करवाकर कालोनी भूखण्डो में परिवर्तित करवाया जिसका आवासीय कॉलोनी भूखण्डो में परिवर्तित करवाया जिसका अतिरिक्त कलक्टर कृषि रूपान्तरण जोधपुर से 1 सामलाती 5 भूखण्डो का आवासीय पटटा श्रीमती कमलादेवी पत्नी श्री मूलाराम दर्जी निवासी महामंदिर जोधपुर के नाम जारी किया गया तथा श्रीमती कमला ने उसमे से भूखण्ड संख्या 16 दिनांक 27.12.1991 को जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री मनोहरलाल कांकरिया को बेचान कर दिया तथा जितेन्द्र कुमार ने दिनांक 11.12.2000 को जरिये आमुख्यतयार के अपीलार्थी संख्या 1 सहीराम को बेचान कर दिया तथा इसी प्रकार श्रीमती कमलादेवी ने भूखण्ड संख्या 16ए, 17 व 18 को दिनांक 30.11.1999 को श्रीमती विमलादेवी पत्नी श्री नेमीचंद कोठारी को विक्रय किया तथा श्रीमती विमलादेवी ने आगे विक्रय पत्र दिनांक 29.9.2005 के द्वारा भूखण्ड संख्या 16 ए व 17 को अपीलार्थी संख्या 2 भीखाराम को तथा भूखण्ड संख्या 18 अपीलार्थी संख्या 3 पप्पाराम को बेचान कर दिया तब से अपीलार्थीगण अपने खरीदसुदा भूखण्डो पर मालिक काबिज है। जिसमें अपीलार्थीगण ने अपना आवासीय मकान बनाया है। तथा उसमे परिवार सहित निवास करते है उपरोक्त बेचान हस्तांतरण के बाद पटवारी हल्का बनाड ने बाले बाले दिनांक 29.04.2007 को अपीलाधीन आदेश की आड में उपरोक्त खसरा संख्या की भूमि के खातेदारी इन्द्राज डोली बनाम मंदिर श्री द्वारकानाथ जी वाके शहर जोधपुर के नाम करने की खतोनी संवत 2060 से 2063 पर टिप्पणी अंकित कर दी ।

अपीलान्ट के योग्य अधिवक्ता ने यह भी निवेदन किया कि अपीलार्थीगण के बेचानकर्ता गोपालदास पुत्र सदासुख सम्वत 2009 से दर्ज खातेदार काश्तकार चले आ रहे है तथाभूमि से मंदिर का नाम सवंत 2008 में हटाकर खालसा सरकार दर्ज कर दी गई तथा इसके पश्चात काश्ताकार को सवंत 2009 में काश्त पर दी तथा इसके पश्चात संवत 2011 में गोपालदास पुत्र सदासुख को काश्त पर दे दी तथा राज0 भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1952 के प्रभाव में आने से बहुत पहले से उक्त गोपालदास पुत्र सदासुख खातेदार के रूप में काबिज है

## राजस्व अपील संख्या 173/2016 सहीराम वगैराह बनाम राज्य

भूमि मंदिर की खुदाकाश्त की नहीं थी, इस प्रकार मंदिर के नाम दर्ज करने की कार्यवाही विधि विरूद्ध एवं प्राकृतिक न्याय सिद्धान्तों के खिलाफ होने से निरस्त करने योग्य है।

अपीलान्ट के योग्य अधिवक्ता ने यह भी निवेदन किया कि अपीलाधीन आदेश की आड में उपरोक्त वर्णित ख.न. 51 की भूमि को बाले बाले पटवारी हल्का ने दिनांक 29.04.2007 को डोली बनाम मन्दिर श्री द्वारकानाथ जी के नाम की टिप्पणी खतोनी संवत 2060 से 2063 में बिना किसी आधार के भूमि के दर्ज खातेदारान को सुनवाई व सूचना दिये बिना अंकित कर दी गई जबकि उक्त प्रकार की कार्यवाही करने से पूर्व वर्तमान खातेदारान को बिना पूर्व सूचना के तथा किसी प्रकार का सुनवाई का अवसर दिया बिना ही अपीलाधीन आदेश की पालना में उनका नाम जमाबन्दी से विलोपित कर दिया जो विधि विरूद्ध होने से काबिल खारिज के है।

अपीलान्ट के योग्य अधिवक्ता ने यह भी निवेदन किया कि अपीलाधीन आदेश एवं खतौनी सम्वत् 2060 से 2063 में लगाया गया नोट विधि विरूद्व एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्वान्तों के खिलाफ होने से निरस्त किये जाने योग्य है। जिला कलक्टर जोधपुर का अपीलाधीन आदेश दिनांक 27.03.2003 एक प्रशासनिक कार्यवाही/निर्देश है जिसके आधार पर किसी भी खातेदार के खातेदारी अधिकार समाप्त नहीं किये जा सकते है तथा इस प्रकार का आदेश एक शून्य आदेश की श्रेणी में आता है जो निरस्तनीय है। इसके अतिरिक्त अपीलार्थीगण विवादग्रस्त भूमि के अभिलिखित खातेदार काश्तकार है जिनका नाम विलोपित करने से पूर्व अपीलार्थीगण को सुनवाई व सूचना का भी कोई अवसर नहीं दिया गया है जिस कारण भी अपीलाधीन आदेश एवं खतौनी पर दर्ज नोट प्राकृतिक न्याय के सिद्वान्तों के खिलाफ होने से शून्य एवं निरस्त किये जाने योग्य है।

अपीलान्ट के योग्य अधिवक्ता ने यह भी निवेदन किया कि प्रश्नगत भूमि, भूमि सुधार एवं जागीर अधिग्रहण अधिनियम 1952 के प्रभाव में आने से बहुत पहले से उक्त गोपालदास पुत्र सदासुख खातेदार के रूप में काबिज था तथा भूमि मंदिर की खुदकाश्त की नहीं थी, इस प्रकार मन्दिर के नाम दर्ज करने की कार्यवाही विधि विरूद्व एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्वान्तों के खिलाफ होने से निरस्त किये जाने के योग्य है। बेचानकर्ता गोपालदास पुत्र सदासुख पुष्करणा जागीर समय से तथा राज0 काश्तकारी अधिनियम लागू होने के समय से खातेदार काश्तकार दर्ज चले आ रहे है जिनके नाम की प्रविष्ठि को बिना किसी सक्षम न्यायालय के आदेश के

डिविजनल कमिश्नर जोधपुर

परिवर्तन करने का जिला कलक्टर या तहसीलदार या हल्का पटवारी को कोई अधिकार नहीं है। इस कारण अपीलाधीन आदेश एवं कार्यवाही बिना क्षेत्राधिकार की होने से निरस्त किये जाने योग्य है। अपीलान्ट को अपीलाधीन आदेश की जानकारी दिनांक 7.5.2016 को खतौनी की नकल की आवश्यकता होने पर नकल प्राप्त की गई तब जानकारी हुई । अपील को प्रस्तुत करने में जानबूझकर कोई देरी नहीं की गई है। इसी प्रकार उक्त वादग्रस्त भूमि का कृषि भूमि से आवासीय परिवर्तन हो जाने के कारण उसके पटटे जारी हो गये जिसमें अपीलान्टस हम सहीराम वगैराह ने जरिये पंजीबद्ध विक्रय पत्र के खरीद किया गया है और वर्तमान में वह मकान बनाकर सपरिवार आवास कर रहे है एवं राजस्व रेकर्ड में बतौर खातेदार दर्ज है। ऐसे में वे व्यथित पक्षकार होने के कारण अपीलाधीन आदेश के विरूद्ध अपील प्रस्तुत करने हेतु अनुमति प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

अपीलान्ट के योग्य अधिवक्ता ने अन्य में यह भी निवेदन किया कि उपरोक्त तथ्यों के आधार पर अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाकर अपीलाधीन आदेश एवं खतौनी संवत 2060 से 2063 में पटवारी हल्का बनाड द्वारा लगाई गई टिप्पणी दिनांक 29.004.2007 को निरस्त व रदद किया जाकर विलोपित किये जाने का आदेश फरमावे तथा खातेदारान के नाम खातेदारी को बहाल किये जाने का आदेश फरमावें।

प्रत्युतर में रेस्पोडेंट की ओर से उपस्थित राजकीय अधिवक्ता ने निवेदन किया कि श्रीमान जिला कलेक्टर जोधपुर के द्वारा शासन सचिव देवस्थान विभाग, राज0 सरकार के द्वारा जारी पत्र क्रमांक प.12 (22) देव/ 91 दिनांक 6 मार्च 2003 जिसके अनुसार "उपरोक्त परिस्थितियों में मंदिर मूर्ति शाश्वत अवयस्क होने के कारण मंदिर मूर्ति की खातेदारी भूमि का हस्तान्तरण अवैध है एवं राजस्व विभाग के पत्र कमांक एफ.21 (97)/राज/1/79 दिनांक 24.04.1982 पूर्व में ही वापस लिया जा चुका है। तथा देवस्थान, वक्फ एवं सैनिक कल्याण विभाग का पत्रांक प.12 (22)/देव/91 दिनांक 13.04.1993 तथा इसी विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 24.05.1996 से वापस लिया जा चुका है। अतः तत्संबंधी हस्तान्तरणों की भू अभिलेख में प्रविष्टियां विलोपित कर पूर्ववत प्रविष्टियां अंकित करने के आदेश दिये जाते है। उपरोक्त निर्देशानुसार संपूर्ण कार्यवाही दिनांक 21.03.2003 तक संपादित कर राज्य सरकार को पालना प्रतिवेदन प्रेषित किया जाये।" के अनुसरण में अपने पत्रांक क्रमांक प.12 (3–)/राज/आवं/1698–1704 दिनांक 27.03.2003 के द्वारा समस्त तहसीलदार को अपने

क्षेत्र में इस प्रकार की हुई कार्यवाही को दुरूस्त करने के निर्देश जारी किये गये थे। ऐसे में अपीलाधीन आदेश मूल रूप से जिला कलेक्टर जोधपुर का न होकर शासन सचिव, देवस्थान विभाग, जयपुर के द्वारा जारी किया हुआ है। ऐसे में राज0 भू राजस्व अधिनियम की धारा 75 में उक्त आदेश के विरूद्ध अपील सुनने का क्षेत्राधिकार श्रीमान संभागीय आयुक्त को नहीं हो सकता है, अपीलार्थीगण को शासन सचिव देवस्थान विभाग के आदेश के विरूद्ध सक्षम स्तर पर चाराजोही करनी चाहिये। अतः अपीलार्थीगण की अपील को उपरोक्त तथ्यों के आधार पर खारिज की जावें।

हमनें उपस्थित दोनों पक्षकारों के योग्य अधिवक्ताओं की बहस सुनी तथा अपील व अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली का अवलोकन किया। राजकीय अधिवक्ता के द्वारा अपनी बहस में उल्लेखित किये गये देवस्थान विभाग, राज0 जयपुर के पत्र दिनांक 06.03.2003 का जो हवाला दिया गया है, के कम में अपील को गुणावगुण पर निर्णित किये जाने से पूर्व न्यायालय हाजा की उक्त अपील पर सुनवाई क्षेत्राधिकारिता के बिन्दू को निर्णित किया आवश्यक होगा। अपीलान्ट के द्वारा जिस अपीलाधीन आदेश की अपील की गई है, वो राज्य सरकार के देवस्थान विभाग जयपुर के पत्र दिनांक 6.3.2003 की पालना निष्पादन हेतु जिला कलेक्टर जोधपुर द्वारा सम्बन्धित तहसीलदारान को प्रशासनिक निर्देश जारी किये गये है, न की न्यायिक आदेश पारित किये जाने जैसी कोई कार्यवाही की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार के शासन सचिव की ओर से जारी निर्देश/आदेश की अपीलों पर सुनवाई का क्षेत्राधिकार इस न्यायालय को राज0 भू राजस्व अधिनियम में नहीं दिया गया है। इन सभी तथ्यो/दस्तावेजों के अवलोकन पश्चात हम इस निश्कर्ष पर पहुंचे है कि अपीलार्थीगण की अपील को क्षेत्राधिकार के बिन्दू पर खारिज किया जाना उचित होगा।

अतः उपरोक्त विवेचन एवं विश्लेषण के आधार पर अपील अपीलार्थीगण अस्वीकार योग्य होने से खारिज की जाती है। निर्णय आज दिनांक 11.07.2019 को सरे इजलास सुनाया

न्यायालय डिविजनल कमिश्नर जोधपुर सत्यमेव जयते